छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित,

880, सिविल–लाईन्स, मुख्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांक 0771–2425234, 2445398 फैक्स क्र. 2424017, 2425232 ई–मेल, markfedfin@gmail.com

क्रमांक / लेखा / वित्त / 4448 / 2016 रायपुर, दिनांक 25/10.2016

खरीफ वर्ष 2014–15 के हानि दावा पत्रक एवं अंतिम सी.एम.आर. निर्धारण हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक 04.10.2016 के संबंध में आयोजित प्री–बिड बैठक दिनांक 24.10.2016 का कार्यवृत्त

मुख्यालय के पत्र कमांक / लेखा / वित्त / 4402 रायपुर, दिनांक 22.10.2016 से खरीफ वर्ष 2014–15 के अंतिम ईकानॉमिक कॉस्ट एवं हानि दावा पत्रक भारत सरकार एवं राज्य सरकार को प्रस्तुत किये जाने के संबंध में जिला कार्यालय एवं मुख्यालय स्तर पर हानि दावा पत्रक तैयार कर प्रमाणित करने एवं संकलित करने के लिये सी.ए. फर्म की नियुक्ति हेतु गठित समिति के समक्ष प्री–बिड के लिये जारी पत्र कमांक / लेखा / वित्त 153 / 4333 रायपुर, दिनांक 20.10.2016 से आमंत्रित किया गया है।

प्री–बिड की कार्यवाही में उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है –

1. श्री एन.के. सिंह, सचिव, विपणन संघ
2. सुश्री डॉ. अल्पना घोष, मुख्यलेखाधिकारी सह वित्तीय नियंत्रक, विपणन संघ
3. श्री जुनस बरवा, वरिष्ठलेखाधिकारी, विपणन संघ
4. श्री सी.एस. चौहान, वरिष्ठलेखाधिकारी, विपणन संघ
5. श्री निखिल सोनी, विकास अधिकारी (वित्त), विपणन संघ

सी.ए. फर्म / कॉस्ट एकाउंटेंट फर्म से उपस्थित प्रतिनिधियों का विवरण –

क.	प्रतिनिधि का नाम	फर्म / संस्था का नाम	मोबाईल क.
1	श्री अंशुल बेगानी	मे. बेगानी एंड बेगानी एसोसिएट	9827828999
2	श्री जयदीप तिवारी	मे. आर.एस. तिवारी एंड कंपनी	9329095114
3	कु. आस्था जैन, श्री प्रवेश गड़िया	मे. एस.के. पटोदिया एंड एसोसिएट	8878703456 9830705300
4	श्री मुरारी मित्तल, राहुल छाजेड़, शुभम पांडे	मे. बत्रा दीपक एंड एसोसिएट, रायपुर	8965044800

प्री–बिड हेतु आमंत्रित सनदी एवं लागत लेखाकार फर्मों से आमंत्रित प्रतिनिधियों द्वारा निम्नानुसार सुझाव एवं अनुरोध प्रस्तुत किया गया –

1. मे. बेगानी एंड बेगानी –

1.1 समय सीमा 45 दिवस में वृद्धि कर 60 दिवस करने का अनुरोध किया गया।

1.2 भुगतान हेतु निर्धारित 80% के उपरांत शेष 20% का भुगतान छः माह में किया जाना चाहिये।

2. मे. एस.के. पटोदिया एसोसिएट –

2.1 समय सीमा 45 दिवस में वृद्धि कर 60 दिवस करने का अनुरोध किया गया।

2.2 निविदा प्रपत्र अनुसार कार्य योजना एवं पाक्षिक प्रतिवेदन का कोई प्रारूप उपलब्ध कराया जायेगा अथवा नहीं।

2.3 Constitutional Certificate को अद्यतन तिथि का लगाया जा सकता है अथवा नहीं।

3. **मेसर्स आर.एस. तिवारी एंड कंपनी – निरंक**
4. **मेसर्स बत्रा दीपक एंड एसोसिएट, रायपुर –**

4.1 जिला कार्यालयों में डाटा वाल्यूम की जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध।

4.2 विगत वर्षों में प्रस्तुत दावा पत्रक के अवलोकन हेतु अनुरोध।

उपरोक्त के संबंध में निविदा समिति द्वारा विचार उपरांत यह निर्णय लिया गया कि –

1. समय सीमा के संबंध में अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि स्वीकृति निविदाकार को विपणन संघ के मुख्यालय एवं समस्त जिला कार्यालयों में निविदा अवार्ड होने के उपरांत तत्काल कार्य प्रारंभ करना होगा। इसके अतिरिक्त यदि किसी जिले में कोई समस्या उद्भूत होने पर विपणन संघ मुख्यालय द्वारा निराकरण कराया जावेगा।
2. भुगतान के संबंध में प्राप्त अनुरोध स्वीकार नहीं किया गया।
3. Constitutional Certificate को अद्यतन तिथि का लगाया जा सकता है, अथवा नहीं के संबंध में यह अवगत कराया गया कि निविदा तिथि 04.10.2016 के पूर्व के साझेदार सदस्य होने चाहिये।
4. जिला कार्यालयों में डाटा वाल्यूम की जानकारी तथा विगत वर्षों में प्रस्तुत दावा पत्रक के अवलोकन हेतु अनुरोध के आधार पर राज्य शासन एवं भारत सरकार को प्रस्तुत दावा प्रस्ताव एवं जिला कार्यालयों से प्राप्त दावा पत्रक अवलोकन हेतु उपस्थित प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया।

उपरोक्तानुसार चर्चा उपरांत बैठक समाप्त किये जाने की घोषणा की गयी।

24/10

(एन.के. सिंह)
अध्यक्ष

(C-S. CHOUHAN)
SR. AO

24/10/16
(Dr. ALPANA GHOSH)
CAO/FC

24/10/16
(JUNAL BARUA)
SR. AO

(NIKHIL SONI)
DO (F)